प्रेषक,

सचिव,
उ0प्र0, बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज ।

सेवा में,

समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक बे0शि0प0/36703-876/2023-24, दिनांक 29-12-2023

विषय-उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन संचालित विद्यालयों/मान्यता प्राप्त बेसिक विद्यालयों में वर्ष 2024 में दिये जाने वाले अवकाशों की तालिका का प्रेषण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक परिषद के पत्रांक बे0शि0प0/36431-604/ का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 01 जनवरी 2024 से दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक दिये जाने वाले अवकाश की तालिका निर्गत की गयी है। जिसमें आंशिक संशोधन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दिनांक 01 जनवरी 2024 से दिनांक 31 दिसम्बर 2024 तक दिये जाने वाले अवकाश की संशोधित तालिका निम्नवत है-

| क0 सं0 | अवकाश का नाम | दिनो की संख्या | तिथियां | दिनों के नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मकर संकान्ति | 1 | 15 जनवरी 2024 | सोमवार |
| 2 | गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती | 1 | 17 जनवरी 2024 | बुधवार |
| 3 | मोहम्मद हजरत अली का जन्मदिवस | 1 | 25 जनवरी 2024 | गुरूवार |
| 4 | गणतन्त्र दिवस | 1 | 26 जनवरी 2024 | शुकवार |
| 5 | वसन्त पंचमी | 1 | 14 फरवरी 2024 | बुधवार |
| 6 | संत रविदास जयन्ती | 1 | 24 फरवरी 2024 | शनिवार |
| 7 | महाशिवरात्रि | 1 | 08 मार्च 2024 | शुकवार |
| 8 | होलिका दहन | 1 | 24 मार्च 2024 | रविवार |
| 9 | होली | 1 | 25 मार्च 2024 | सोमवार |
| 10 | गुड फाइडे | 1 | 29 मार्च 2024 | शुकवार |
| 11 | ईद-उल-फितर | 1 | 11 अप्रैल 2024 | गुरूवार |
| 12 | डा0 भीमराव अम्बेडकर जन्म दिवस | 1 | 14 अप्रैल 2024 | रविवार |
| 13 | रामनवमी | 1 | 17 अप्रैल 2024 | बुधवार |
| 14 | महावीर जयंती | 1 | 21 अप्रैल 2024 | रविवार |
| 15 | बुद्ध पूर्णिमा | 1 | 23 मई 2024 | गुरूवार |
| 16 | ईदुज्जुहा (बकरीद) | 1 | 17 जून 2024 | सोमवार |
| 17 | मोहर्रम | 1 | 17 जुलाई 2024 | बुधवार |
| 18 | स्ववतंत्रता दिवस | 1 | 15 अगस्त 2024 | गुरूवार |
| 19 | रक्षाबंधन | 1 | 19 अगस्त 2024 | सोमवार |
| 20 | चेहल्लुम | 1 | 25 अगस्त 2024 | रविवार |
| 21 | जन्माष्टमी | 1 | 26 अगस्त 2024 | सोमवार |
| 22 | ईद-ए-मिलाद/बारावफात | 1 | 16 सितम्बर 2024 | सोमवार |
| 23 | विश्वकर्मा पूजा/अनन्त चतुर्दशी | 1 | 17 सितम्बर 2024 | मंगलवार |
| 24 | महत्मा गॉधी जन्मदिवस | 1 | 02 अक्टूबर 2024 | बुधवार |
| 25 | दशहरा (महा नवमी),(विजय दशमी) | 1 | 12 अक्टूर 2024 | शनिवार |
| 26 | महर्षि बालमीकि जयन्ती | 1 | 17 अक्टूबर 2024 | गुरूवार |
| 27 | नरक चतुर्दशी | 1 | 30 अक्टूबर 2024 | बुधवार |
| 28 | सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस एवं आचार्य नरेन्द्र देव जयंती | 1 | 31 अक्टूबर 2024 | गुरूवार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 29 | दीपावली /गोवर्द्धन पूजा/ भैया दूज/चित्रगुप्त जयन्ती | 4 | 31 अक्टूबर 2024 से 03 नवम्बर 2024 तक | गुरूवार से रविवार |
| 30 | छठ पूजा पर्व | 1 | 07 नवम्बर 2024 | गुरूवार |
| 31 | गुरूनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा | 1 | 15 नवम्बर 2024 | शुक्रवार |
| 32 | गुरु तेगबहादुर शहीद दिवस | 1 | 24 नवम्बर 2024 | रविवार |
| 33 | किसमस डे | 1 | 25 दिसम्बर 2024 | बुधवार |

1– उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में तालिका में अंकित अवकाश देय होगे।

2– प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हेतु कक्षा 1 से 5 तथा कक्षा 6 से 8 में पढाई के घंटे निम्नवत निर्धारित है :–

| | | |
|---|---|---|
| शैक्षणिक समय | 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 08 बजे से 08:15 तक) एवं 01 अक्टूबर से 31 मार्च तक प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक (प्रार्थना सभा/योगाभ्यास प्रातः 09 बजे से 09:15 तक) संचालित होगी। | ग्रीष्मकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 10:30 बजे से 11:00 बजे तक एव शीतकाल में मध्यावकाश अपरान्ह 12 बजे से 12:30 बजे तक होगा। |

3– जिलाधिकारी द्वारा अनुमन्य अवकाश देय होंगे।

4– मुस्लिम त्यौहार चन्द्र दर्शन के अनुसार मानायें जायेंगे।

5– हरि तालिका तीज अथवा हरियाली तीज ,करवा चौथ, संकठा चतुर्थी एवं हलषष्ठी/ललई छठ, जीउतिया व्रत/अहोई अष्टमी का अवकाश शिक्षिकाओं एवं पितृ–विसर्जन का अवकाश शिक्षकों को देय होगा।

6– ग्रीष्मावकाश 20 मई से 15 जून तक।

7– शीतकालीन अवकाश 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक।

8– ग्रीष्मकाल एवं शीतकाल में मौसम परिवर्तन के दृष्टिगत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विद्यालय संचालन के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अन्तर्गत निर्धारित शैक्षिक घण्टों में कमी न होने के दृष्टिगत किया जायेगा।

9– राष्ट्रीय पर्वो पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

10– महापुरूषों के साथ–साथ देश के स्वाधीनता आन्दोलन के क्रान्तिकारियों एवं प्रसिद्ध समाज सुधारकों आदि के जन्म दिवस पर विद्यालयों में उनके व्यक्तित्व, कृतित्व तथा उनके जीवन के सम्बद्ध में छात्र छात्राओं को बताया जायेगा।

उपर्युक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय

(प्रताप सिंह बघेल) 29.12.23
सचिव,
उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।

पृ0सं0बे0शि0प0/36703–876/2023–24 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
2– शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3– अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक/माध्यमिक) प्रयागराज।
4– वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज।
5– मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), समस्त मण्डल उत्तर प्रदेश।
6– अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ व जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ उ0प्र0 लखनऊ।
7– अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(प्रताप सिंह बघेल) 29.12.23
सचिव,
उ0प्र0बेसिक शिक्षा परिषद,
प्रयागराज।